हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 एसपी मंडलोई के अभियानों की समाजसेवियो...



09 जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यों के बहिष्कार के...



## खबर संक्षेप

### आज ली जाएगी राष्ट्र की एकता, अखंडता की शपथ

**सागर।** एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 31 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय में किया जाएगा। शपथ कार्यक्रम के पश्चात जिले में विभिन्न स्थानों पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जिले के समस्त पुलिस स्टेशनों में शुभारंभ समारोह, एकता शपथ ग्रहण समारोह, स्कूलों व पुलिस स्टेशनों में सरदार पटेल फोटो प्रदर्शनी, एकता वृक्षारोपण (एकता वृक्ष अभियान) का आयोजन किया जाएगा।

### भारतीय शैली कुश्ती संघ में राकेश यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया

**सागर।** सतारा महाराष्ट्र में आयोजित होने जा रहे देश के सबसे बड़ी कुश्ती दंगल हिन्द केसरी 2024-25 में लगभग 27 राज्यो के महिला और पुरुष पहलवान शिरकत करेंगे। इसी क्रम में मध्यप्रदेश की कुश्ती टीम का चयन छत्रसाल अखाड़ा सागर में 5 नवंबर को सुबह 10 बजे से रखा गया है। चयन हेतु पहलवानों के रुकने और भोजन आदि की व्यवस्था कर ली गई है। इस चयन में हर भार वर्ग के हर वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को ही सतारा महाराष्ट्र भेजा जाएगा। इस चयन में भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया, प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव, जिलाध्यक्ष कौशल सोनी, जिला सचिव अभिमन्यु सोनी उपस्थित रहेंगे।

### समाजसेवी जगन्नाथ पटेल हुए पंचतत्व में विलीन

**सागर।** कुशवाहा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जगन्नाथ प्रसाद पटेल के स्वर्गवास होने पर कुशवाहा समाजजनो ने शोकसभा का आयोजन कर मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, कुशवाहा क्षत्रिय समाज समिति, कुशवाहा महापंचायत, कुशवाहा समाज संगठन, आदर्श कुशवाहा महासभा एवं अखंड कुशवाहा समाज के पदाधिकारी एवं कुशवाहा समाज के वरिष्ठ जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### नगर निगम कार्यालय में जन सुविधा केंद्र स्थापित किया

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम कार्यालय में आने वाले हितग्राहियों एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये निगम कार्यालय में जनसुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। निगमायुक्त ने जनसुविधा केंद्र पर कार्य करने हेतु विभिन्न कर्मचारियों को पदस्थ करने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम कार्यालय आने वाले नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु परेशान होना पड़ता था लेकिन अब जनसुविधा केन्द्र प्रारंभ हो जाने के बाद एक ही स्थान पर नागरिक अपने आवेदन दे सकेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण जल्दी से जल्दी हो सकेगा।

### बाल विवाह के रोकथाम एवं जन जागरुकता करने उड़नदस्ते का किया गठन

**सागर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार लाडो अभियान अंतर्गत बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने एवं जन जागरुकता हेतु कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने उड़नदस्ते का गठन किया। उड़नदस्ता दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस समस्त, जनपद सीईओ/सीएमओ समस्त, परियोजना अधिकारी समस्त एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी समस्त शामिल हैं।

जिला स्तरीय पीएम आवास योजना शहरी 2 अंगीकार में शामिल हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे रहे, हर जरूरतमंद परिवार को छत : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना घर हो जिसमें वह अपने परिवार के साथ रह सके इस मूलभूत आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना से हर व्यक्ति के पक्के घर का सपना साकार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जरूरतमंद परिवार को छत दे रहे हैं। यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पद्माकर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 02 अंगीकार कार्यक्रम में कहीं।



राजपूत ने कहा कि सरकार ने हमारे गरीब एवं मध्यम वर्गीय भाइयों के लिए कुटी नहीं बल्कि घर दिया है जिसमें हर पात्र हितग्राही के लिए शहर में ढाई लाख रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 1,25000 दिए जाते हैं ताकि हर जरूरतमंद का अपना घर हो श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस भी कार्यक्रम के बारे में सोच लेते हैं वह अभियान बन जाता है फिर चाहे वह सफाई अभियान हो या स्वदेशी अपनाओ का अभियान योजनाबद्ध तरीके से भाजपा सरकार हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव राष्ट्रीय हित तथा जनहित में लगातार कार्य कर रहे हैं विश्व में आज भारत एक महाशक्ति के रूप में जानता है। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार सभी वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अनेक योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचा रही है हमारा संकल्प है कि पंक्ति में बैठे हुए आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे जिसको लेकर हम लगातार कार्यरत है वर्ष 2028 तक हर व्यक्ति का अपना पक्का घर होगा यह संकल्प है जो लगभग पूरा होने की और बढ़ रहा है मंत्री श्री राजपूत ने सभी हितग्राहियों को नए घर की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को नए घरों की चाबियां सौंपी। जिसमें मुख्य रूप से हितग्राही हरिकिशन सेन, आकाश चौरसिया, जगदीश पटेल, सतीश अहिरवार, भागीरथ अहिरवार, स्वीकृत राशि के हितग्राही रेखा अहिरवार, भारती अहिरवार, भगवती चौरसिया, एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना, राशन पर्ची, आयुष्मान कार्ड के हितग्राही हिमांशी कोरी, प्रियंका गुप्ता, सरिता अग्रवाल, अब्दुल गफ्फार, नीलमा श्रीवास्तव को प्रमाण पत्र आदि वितरित कर शुभकामनाएं दी इस अवसर पर नगर निगम महापौर संगीता तिवारी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की योजनाओं से हर जरूरतमंद को लाभ पहुंच रहा है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी हितग्राहियों को दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र खटीक, रूबी पटैल, रामू ठेकेदार, डब्बू साहू सहित नगर निगम पार्षद एवं जनप्रतिनिधि सहित एमआईसी के सदस्य उपस्थित रहे।



## एबीएसएस थाईलैंड में चमकी सागर की आस्था: कथक नृत्य में जीता दूसरा स्थान, बढ़ाया पूरे प्रदेश का मान

**सागर।** शहर की उभरती हुई कथक नृत्यांगना आस्था गुप्ता ने थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सागर और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने एबीएसएस ग्लोबल काउंसिल ऑफ आर्ट एण्ड कल्चर द्वारा आयोजित 15वें कल्चरल ओलंपियाड ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट (25 से 29 अक्टूबर 2025, पटाया, थाईलैंड) में युवावर्ग की शास्त्रीय श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह आयोजन यूनेस्को की सांस्कृतिक शाखा के सहयोग से किया गया था। इसमें भारत समेत कई देशों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आस्था ने अपने कथक नृत्य से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के मंच पर उनकी सुंदर प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की गरिमा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया।



## शहर में पशु डेयरी संचालित करने वालों के नल कनेक्शन कटवाएं: निगमायुक्त खत्री

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के नेतृत्व में शहर से डेयरी विस्थापन की मुहिम लगातार चलाई जा रही है। गुरुवार को निगमायुक्त निगम टीम के साथ कृष्णगंज वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे, उन्होंने कृष्णगंज वार्ड में डेयरी संचालक को अपनी डेयरी शहर से बाहर विस्थापित करने हेतु निर्देशित किया और उक्त डेयरी संचालक का नल कनेक्शन कटवाते हुए नगर निगम की जल प्रदाय शाखाकर्मियों को ऐसे सभी डेयरी संचालक जो डेयरी परियोजना स्थल हफसिली में या निगम क्षेत्र से बाहर डेयरियां नहीं ले जा रहे हैं उनके नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की डेयरी विस्थापन परियोजना के तहत शहर में डेयरी संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे डेयरी संचालक जो अपनी डेयरी शहर से बाहर नहीं लेगए हैं उनके नल कनेक्शन तत्काल काटें और नगर निगम की विभिन्न सेवाएं भी उन्हें देना बंद करें। डेयरी विस्थापन के तहत प्रत्येक डेयरी को शहर से बाहर विस्थापित कराना शहर हित में है।



## विश्वविद्यालय : शिक्षाशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने निकाली सतर्कता रैली एवं किया नुक्कड़ नाटक

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग एवं एनसीटीई नई दिल्ली के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए ग्राम पथरिया जाट एवं सिरोंजा ग्राम पंचायतों में विभाग के आईटीईपी बी.एस.सी.बी.एड., बी.कॉम.बी.एड., बी.ए.बी.एड. के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गयी। रैली को विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पहले विद्यार्थियों को सतर्कता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई। रैली सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की संकल्पना पर आधारित थी। विश्वविद्यालय के द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कल 29 अक्टूबर, 2025 को ग्राम पटकुई एवं बरारू ग्राम पंचायतों में सतर्कता जागरूकता ग्राम सभा एवं जागरूकता संबंधी रैली में नुक्कड़ नाटक उद्गम समूह के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जहां सभी स्थानीय लोगों ने शामिल हो उत्साह दिखाया और नुक्कड़ नाटक उद्गम समूह को प्रोत्साहित किया और कहा यह एक बहुत अच्छा कदम है। दोनों ही दिन सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 में संयोजक डॉ. रश्मि जैन एवं आयोजन सचिव डॉ. चिन्तन वर्मा ने सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया। जिसमें विभाग के शिक्षक डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. रमाकांत, डॉ. योगेश कुमार सिंह एवं श्रीमती कंचन चौरसिया तथा शोधार्थी वीर सिंह, उत्पल, स्मिता शुक्ला एवं हारून अली सैयद ने सहयोग किया।

# गरीब की आवाज सुनने वाला कोई नहीं: समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर विगत दिनों में राहतगढ़ बस स्टेंड रेलवे क्रॉसिंग पर दो वृद्ध महिलाओ द्वारा रेलवे क्रॉसिंग क्रॉस करते समय हादसे का शिकार हो गई थी जिसमें राजरानी अहिरवार की मृत्यु हो गई थी और दूसरी पार्वती अहिरवार गंभीर रूप से घायल है। इसको लेकर गुरुवार को राहतगढ़ बस स्टैंड के पास सर्व दलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा द्वारा बैठक का आयोजन समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें पूर्व विधायक सुनील जैन,वरिष्ठ नेता अखिलेश मोनी केसरवानी,सहित अन्य मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें निश्चय किया गया आगामी रविवार 2 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे तीनबत्ती सरस्वती वाचनालय में राहतगढ़ अंडर ब्रिज बनाए जाने हेतु एक बैठक का आयोजन किया जावेगा 3 नवंबर को प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अंडर ब्रिज बनाए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक की उपरांत सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारीयो ने राहतगढ़ रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचकर नारे लगाकर आक्रोश जताया एवं हादसे का शिकार हुई राजरानी अहिरवार के निवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि यह दीपावली गरीबों पर कहर बनकर आई 19 अक्टूबर को सागर में दो गरीब अनुसूचित जाति की वृद्ध महिलाये जो दिवाली की खरीद कर घर लौट रहीं थीं राहतगढ़ ब्रिज रेल लाइन पार करते समय रेल से टकरा गई थी जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरी गंभीर स्थिति में है। इन गरीबों का मोहल्ला रेल लाइन के उस तरफ है और शहर के मुख्य बाजार आने को इन्हें रेल लाइन पार करना जरूरी है। एक फ्लाई ओवर लगभग बीस वर्ष पूर्व बना था पर वह कतिपय राजनीतिक नेता और रसूखदारों की जमीन बचाने के लिए ऐसा मोड़ा गया है कि शायद ही किसी के काम का हो। अगर ये गरीब और पैदल चलने वाले लोग इस पर से जाना चाहें तो उलटा एक किलोमीटर का चक्कर लगाना होगा तथा पूरे में फुट पाथ भी नहीं है।

तन्त्र को भी ग़रीबों की मौत कोई मायने नहीं रखती। उनके विचारों से तो गरीब मरने को ही पैदा होता है।

सागर के मीडिया को साधुवाद की उसने घटना को प्रमुखता से छापा और अपने दायित्व को निभाया।

प्रदेश सरकार व रेल मंत्रालय ने भी अभी तक मुआवजा की कोई घोषणा नहीं की है और हो सकता है कि वे इन मृतकों को रेल लाइन पार करने का अपराधी मानकर चुप हो। हालांकि बहुत से ऐसे प्रकरण हैं जिनमें सरकारों ने अपराधियों तक के परिजनो को मुआवजा दिया है। पर ये गरीब तो बोल भी नहीं सकते इनकी कौन सुनेगा। वर्तमान दुर्घटना स्थल राहतगढ़ बस स्टैंड के क्रासिंग के समीप भी फिलहाल एक रेलवे अंडर ब्रिज बनाना चाहिए।यही इन गरीब माताओं को, दलित बहनों को श्रृद्धांजलि होगी।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि जब तक रेलवे राहतगढ़ बस स्टैंड की क्रॉसिंग पर अंडर ब्रिज नहीं बनवा देता तब तक हम सभी मोर्चा के पदाधिकारी और सदस्यगण चैन से नहीं बैठेंगे और लगातार आंदोलन करते रहेंगे।



## अतिक्रमण को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला शहर अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा चलाई जा रही है अतिक्रमण विरोधी मुहिम में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने से आक्रोशित होकर कांग्रेसियों ने मोतीनगर चौराहे पर कवि पद्माकर सभागार में निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंप कर नियम से काम करने की ज्ञापन में बात कही है। ज्ञापन में महेश जाटव ने बताया कि नगर निगम गलत तरीके से अतिक्रमण तोड़कर लोगों में दहशत का माहौल न बनाएं। इस कार्यवाही में 100 साल से भी पुराने मकानों को तोड़ा जाना संदेहजनक है। कुछ समय पहले यह रोड बन चुका है तो दोबारा उसे बनवाने में नगर निगम भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की तैयारी कर रही है। महेश जाटव ने कहा कि नगर निगम लोगों को विश्वास में लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें एक तरफा कार्रवाई अगर की गई तो नगर निगम के खिलाफ कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। पूर्व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश जैन गुड्डू भैया ने निगम कमिश्नर से लोगों से संवाद कर अपनी किसी मुहिम को अंजाम देने की बात कही। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कांग्रेस के ज्ञापन को गंभीरता से लेने की बात कही। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने कहा की जनता अब जागरुक हो चुकी है ज्ञापन कार्यक्रम में मुकुल पुरोहित, बुंदेलसिंह बुंदेला, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, जितेंद्र चौधरी, पप्पू गुप्ता, जितेंद्र रोहण, शरद पुरोहित, कमलेश तिवारी, दीनदयाल तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

## आधा दर्जन से अधिक आदतन अपराधियों को किया गया जिला बदल


**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए 8 आदतन अपराधियों को 4-9 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त पहलाद पिता वंदे अहिरवार उम्र 30 साल निवासी ग्राम मगरधा थाना बहरोल को 4 माह, दुर्गेश पिता मिटठन यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम घवारा थाना बरायठा को 4 माह, लोटन सिंह पिता नत्थू सिंह लोधी उम्र 45 साल निवासी ग्राम चितौआ थाना बहरोल को 4 माह, वकील पिता ओमकार सिंह दांगी उम्र 40 साल निवासी ग्राम बिल्धई बुर्जुग थाना आगासौद बीना को 5 माह, मलखान पिता गोकल विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी ग्राम पार थाना आगासौद को 5 माह, प्रशांत पिता बब्लू उर्फ बंसत राजपूत उम्र 28 साल निवासी ग्राम घाना थाना केसली को 6 माह, अंगद उर्फ यादवेन्द्र पिता लखन सिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी कुसमी थाना केसली को 9 माह, जाहर पिता राजेश यादव उम्र 32 साल निवासी ग्राम देहचुआ थाना केसली को 9 माह, मनीष पिता सुरेश दुबे उम्र 34 साल निवासी ग्राम हिनौतिया हाल केसली थाना केसली को 9 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है।

अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिवस का वेतन काट एवं कारण बताओ सूचना पत्र जारी

# शैक्षणिक अमला समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए है कि शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक अमला समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो इस हेतु विद्यालयों का लगातार औचक निरीक्षण किया जाए। इसी परीपेक्ष्य में जिला के शिक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। शासकीय विद्यालयों में कार्यरत लोकसेवकों को ई-अटेन्डेंस लगाये जाने के संबंध में बार-बार निर्देशित किया जा रहा है तथा शैक्षणिक अमला समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो इस हेतु कलेक्टर सागर के निर्देशानुसार लगातार सतत निरीक्षण की प्रक्रिया में आज जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समय 10:35 बजे शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बिलहनी विकासखंड बंडा, शासकीय प्राथमिक शाला मड़ैया गोड़ एवं शासकीय माध्यमिक शाला मड़ैया गोड़ विकासखंड राहतगढ़ समय 10:40 बजे एवं एकीकृत शासकीय हाईस्कूल कुड़ारी विकासखंड सागर का समय 10:58 पर औचक निरीक्षण किया गया।



एकीकृत माध्यमिक शाला बिलहनी, विकासखंड बंडा - निरीक्षण के दौरान संस्था बंद पाई गई एवं संस्था में कार्यरत शिक्षक मोहनलाल अहिरवार माध्यमिक शिक्षक, ज्योति सूर्यवंशी माध्यमिक शिक्षक, देशराज चढ़ार प्राथमिक शिक्षक, धर्मेन्द्र चौबे प्राथमिक शिक्षक, सुरेश कुमार डेहरिया एवं रामकुमार अहिरवार अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाये गये।शासकीय प्राथमिक शाला मड़ैया गोड़, विकासखंड राहतगढ़ - निरीक्षण के दौरान विनोद कुमार अरिवार प्राथमिक शिक्षक संस्था में उपस्थित पाये गये एवं अन्य कार्यरत शिक्षक विद्यु तिवारी प्राथमिक शिक्षक, शबाना आजमी प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित पाई गई। एवं विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शून्य पाई गई।शासकीय माध्यमिक शाला मड़ैया गोड़, विकासखंड राहतगढ़ निरीक्षण के दौरान संस्था बंद पाई गई एवं संस्था में कार्यरत शिक्षक नीलिमा पालीवाल माध्यमिक शिक्षक, अशोक चढ़ार उच्च पद प्रभार माध्यमिक शिक्षक, विनीत कुमार गुप्ता उच्च पद प्रभार माध्यमिक शिक्षक अनुपस्थित पाये गये।

एकीकृत शासकीय हाईस्कूल कुड़ारी, विकासखंड सागर निरीक्षण के दौरान संस्था संचालित पाई गई तथा ललित सोनी माध्यमिक शिक्षक संस्था में उपस्थित पाये गये किंतु उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नहीं पाये गये।

सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एम. के. चढ़ार द्वारा विकासखंड बीना अतर्गत समय 10:45 बजे शासकीय सांदिपनी मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना, समय 11:15 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 बीना, समय 11:30 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 बीना एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना का औचक निरीक्षण किया गया।शासकीय सांदिपनी मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना निरीक्षण के दौरान विद्यालय विधिवत संचालित पाया गया एवं निधि कटारे माध्यमिक शिक्षक तथा सुनील जैन प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 बीना निरीक्षण के दौरान विद्यालय विधिवत संचालित एवं समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 बीना निरीक्षण के दौरान विद्यालय विधिवत संचालित एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित पाया गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना निरीक्षण के दौरान विद्यालय विधिवत संचालित एवं समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया।

अतिरिक्त परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अभय श्रीवास्तव द्वारा विकासखंड केसली अंतर्गत समय 10:42 बजे शासकीय हाईस्कूल खमरिया एवं समय 10:50 बजे शासकीय हाईस्कूल देवरी नाहरमउ का औचक निरीक्षण किया गया।


शासकीय हाईस्कूल खमरिया - निरीक्षण के दौरान संस्था में कार्यरत संतोष कुमार खटीक उच्च श्रेणी शिक्षक, वर्षा सेनी माध्यमिक शिक्षक, श्याम सिंह अतिथि शिक्षक, सरोजदेवी घोषी अतिथि शिक्षक, ऋषिकेश पाराशर अतिथि शिक्षक, शशिकांत यादव अतिथि शिक्षक, पिटूं विश्वास अतिथि शिक्षक सहित समस्त स्टाफ अनुपस्थित पाया गया एवं 50 से अधिक छात्र-छात्राएं इधर उधर घूमते पाये गये। शासकीय हाईस्कूल देवरी नाहरमउ निरीक्षण के दौरान संस्था में कार्यरत अनुराध द्विवेदी माध्यमिक शिक्षक (प्रभारी प्राचार्य), भगवान सिंह दांगी माध्यमिक शिक्षक, रीना दांगी अतिथि शिक्षक, शिवानी लोधी अतिथि शिक्षक, सुषमा तिवारी अतिथि शिक्षक एवं रामू तिवारी अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाये गये एवं 50 से अधिक छात्र-छात्राएं इधर उधर घूमते पाये गये।


### आरक्षक पर लगा शराब के लिए पैसे मांगने का आरोप, पीड़ित ने दिया आवेदन

# दिन में रक्षक और रात में असमाजिक तत्व का रूप बदलती पुलिस...!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आम जनता की रक्षा के लिये शासन से मिलने बाली वर्दी को अबैध कमाई और स्वार्थपूर्ति का हथियार बनाने की मंशा से कार्य करने बाले पुलिस कर्मियों के कारनामे उजागर होना शुरू हो गये है। ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि ये बात तो पीड़ति लोगो द्वारा बरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को दिए जा रहे आवेदन स्वयं उजागर कर रहे है। जिसमें कोतवाली पुलिस के बिरुद्ध अब खुलेआम असमाजिक तत्वों की तरह दबँगई करने के आरोप लगने शुरू हो गये है। ऐसा ही एक मामला 30 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुए आवेदन के बाद सामने आया। जिसमें एक युवक ने कोतवाली में पदस्थ एक आरक्षक के बिरुद्ध देर रात्रि शराब के लिये पैसे माँगने और पैसे न देने पर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि हकीकत तो जांच पूर्ण होने के बाद ही सामने आएगी। फिलहाल बरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उक्त आवेदन पर जांच के आदेश दे दिए है।



प्रति,
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय
टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ म.प्र.

विषय :- आवेदक के साथ पुलिस सिपाही श्री अगम उर्फ शत्रुध्न दांगी द्वारा रास्ते मे रोककर गाली-गलोज एवं मार-पीट करने के संबंध में।

महोदय जी,
यह है कि मैं आशुतोष सिंह चौहान तनय बृजेन्द्र सिंह चौहान निवासी जेल के सामने कुंज विहार कॉलोनी टीकमगढ़ म.प्र. का निवासी हूँ। यह है आवेदक अपने घर की ओर रात्रि 10:30 से 11:00 बजे के करीब वापिस आ रहा था तभी स्टेट बैंक के थोड़े आगे बगिया की गली से निकले तभी एक अज्ञात व्यक्ति जो शराब के नशे में था जहाँ पर अशोक स्टील फर्नीचर की दुकान के बाहरी तरफ **सी.सी.टी.वी केमरा** लगा है जिसमें घटना की पूरी घटना रिकार्ड है अनावेदक ने मेरी गाड़ी रोकी और माँ-बहिन की गन्दी-गन्दी गालियाँ देने लगा और कहने लगा मुझे 500रू. दो शराब पीना है आवेदक ने कहा मेरे पास पैसे नहीं है आप मुझे गाली क्यों दे रहे हो तो अनावेदक बोला कि तुम मुझे जानते नहीं हो मैं सिटी कोतवाली टीकमगढ़ में पुलिस में हूँ। और आवेदक के साथ छीना-झपटी और लात-घूसों से मार-पीट कर दी जिससे आवेदक को चेहरे पर नखून लगने के निशान और दाहिने कान में चोट एवं जिससे सुनाई देना बंद हो गया है और सीने में चोट है एवं सिर में बायें तरफ चोट है एवं हाथ मे चोट आई मारपीट करते समय एक पुलिस बाला व्यक्ति आया जिसने मुझे बचाया और आवेदक अपनी जैसे-तैसे जान बचाकर भागा। अनावेदक बोल रहा था साले अगर रिपोर्ट करने थाने गये तो जान से खतम कर देगें और तेरे ऊपर इतने फर्जी केश बनवा देगें कि तेरी जिन्दगी जेल में निकल जायेगी। घटना की जानकारी दिनांक 26/10/2025 को थाना कोतवाली मैं दी थी परन्तु मुझे उसकी पावती नही दी गई कार्यवाही अपेक्षित है। अनावेदक शत्रुध्न दांगी 26/10/2025 की सुबह करीब 9-10 बजे के बीच कुंज विहार कॉलोनी जेल के पास हमारे घर आया और हमसे तथा हमारे परिजनों से मिला तथा बोला हमने तो रात्रि में ही कोतवाली में रिपोर्ट लिखवा दी अपने बचाव हेतू अब तुम रिपोर्ट करने नही जाना। और अगर जाना भी है तो चले जाना मेरा क्यां बिगड़ेगा ज्यादा से ज्यादा में सस्पेण्ड हो जाऊंगा कुछ दिन बाद किसी नेता के पाव पकड़ूंगा और बहाल हो जाऊंगा। लेकिन जब मैं बहाल हो जाऊंगा तो मैं तुम्हे झूठे मुकद्दमें में फसाकर तुम्हारी जिन्दगी बर्वाद कर दूंगा। इनके द्वारा की गई मारपीट एवं धमकाने से मैं मानसिक रूप से

शिकायत शाखा
...कार्यालय, टीकमगढ़

### दूसरे पुलिसकर्मी ने आकर बचाई आशुतोष की जान

पीड़ित आशुतोष ने बताया कि मारपीट के दौरान ही एक अन्य पुलिसकर्मी ने मौके पर पहुंचकर मुझे बचाया। मारपीट करने वाले ब्यक्ति ने धमकी देते हुए कहा है कि अगर रिपोर्ट करने थाने गये तो तुम्हारे बिरुद्ध इतने फर्जी केस बनवा देगें कि पूरी जिन्दगी जेल में निकल जायेगी। पीड़ित आशुतोष ने आवेदन में बताया कि उक्त घटना अशोक स्टील फर्नीचर की दुकान के बाहरी तरफ सीसीटीवी केमरा लगा होने से उसमे पूरी घटना रिकार्ड देखी जा सकती है।

### सादा वर्दी में खड़े पुलिसकर्मी पर लगा गंभीर आरोप

जेल के समीप कुंजविहारी कॉलोनी निवासी पीड़ति आशुतोष सिंह चौहान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी राहुल कटरे को दिए लिखित आवेदन में बताया कि 25 अक्टूबर की रात साढ़े 10 बजे के लगभग ज़ब वह अपने घर जा रहा था तभी स्टेट बैंक के थोड़े आगे बगिया की गली से निकलते ही एक अज्ञात व्यक्ति शराब के नशे में खड़ा हुआ मिला। जिसने पीड़ति आशुतोष को रोका और अभद्रता करते हुए शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा। ज़ब आशुतोष ने अभद्रता न करने और पैसे न होने की बात कही तब उस ब्यक्ति ने धमकाते हुए अपनी पहचान बताई कि मैं सिटी कोतवाली टीकमगढ़ में कार्यरत पुलिसकर्मी हूँ। लेकिन इसके बाद भी ज़ब आशुतोष ने पैसे देने से मना किया और अभद्रता का बिरोध किया तब उस ब्यक्ति ने आशुतोष के साथ छीना-झपटी करते हुए लात-घूसों से मार-पीट कर दी। जिससे आशुतोष को चेहरे पर नखून लगने के निशान और दाहिने कान में चोट एवं सीने में चोट आई। साथ ही सिर में बायें तरफ चोट एवं हाथ मे चोट आई।

### अगली सुबह पीड़ित के घर पहुंचकर भी दी धमकी

ज़ब पीड़ित आशुतोष ने उक्त घटना की लिखित शिकायत कोतवाली में आवेदन देकर की तो घटना के अगले दिन 26 अक्टूबर की सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच कुंज विहार कॉलोनी स्थित पीड़ति के घर उक्त ब्यक्ति पहुंचा और अपना नाम आरक्षक शत्रुध्न दांगी बताते हुए कहा कि शिकायत करने से मेरा क्या बिगड़ेगा। ज्यादा से ज्यादा मै सस्पेंड हो जाऊंगा। लेकिन जब मैं बहाल हो जाऊंगा तो मैं तुम्हे झूठे मुकद्दमें में फसाकर तुम्हारी जिन्दगी बर्वाद कर दूंगा। पीड़ति आशुतोष ने अपने आवेदन में आरक्षक शत्रुध्न दांगी के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### कार्रवाई होगी

आरोप गंभीर तो है लेकिन हकीकत तो जांच के बाद ही सामने आएगी। पीड़ित आशुतोष के द्वारा कोतवाली आरक्षक शत्रुध्न दांगी के बिरुद्ध आवेदन आया है। जिसमें सीसीटीवी फुटेज सहित जांच के आदेश दे दिए गये है। जांच के बाद अगर शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित आरक्षक के बिरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**राहुल कटरे,** एसडीओपी टीकमगढ़

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर किया पुष्पगुच्छ से सम्मानित

# एसपी मंडलोई के अभियानों की समाजसेवियो ने की सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आमजन को सुरक्षा व सहयोग की भावना का अहसास कराने एबं पुलिस व जनता में आपसी समन्वय को मजबूत करने और जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ समाज में सुरक्षा, विश्वास और सहयोग की नई परिभाषा गढ़ने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद ही जनहित अभियानो की शुरुआत कर दी गईं थी। एसपी मंडलोई के इन्ही अभियानो की शहर के समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए एसपी मंडलोई को सम्मानित भी किया है। समाजसेवियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी मंडलोई को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की।

समाजसेवियों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा महिला सशक्तिकरण, जनसंवाद, अपराध नियंत्रण एवं सामाजिक जागरूकता की दिशा में चलाए जा रहे अभियान जिले में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बन चुके हैं। महिला सुरक्षा और सम्मान के लिए आरंभ किए गए नीड, परी, भरोसा, सहारा, आसरा जैसे अभियानों ने न केवल महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाया है, बल्कि समाज में सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ किया है। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिये बुन्देली जनसंवाद चौपाल, युवतियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिये मजनू अभियान, प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए प्रतिभा सम्मान, परिवारिक सौहार्द की दिशा में परिवार जोड़ो अभियान तथा युवाओं के कौशल विकास के लिये युवा जोड़ो अभियान जैसी पहलें व्यापक स्तर पर सफल सिद्ध हो रही हैं। बालिकाओं की आत्मरक्षा के लिये स्वयंसिद्धा अभियान, जरूरतमंदों की सहायता के लिए हेल्पिंग हैंड अभियान, और साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियमों, कानूनी जागरूकता एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियानों से समाज में जागरूकता का स्तर उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले में भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा एवं छेड़छाड़ जैसे अपराधों में कमी आई है। आमजन की शिकायतों में गिरावट दर्ज की गई है और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास व संवाद और अधिक सशक्त हुआ है।

शासकीय विद्यालय क्रमांक 1 में देखा गया लाइव प्रसारण

# एक क्लिक से मुख्यमंत्री ने की छात्रों की छात्रवृत्ति राशि ट्रांसफर



**टीकमगढ़।** प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने वन क्लिक के माध्यम से छात्रों की समेकित छात्रवृत्ति का खातो में ट्रांसफर किया। जिसको लेकर प्रदेश की राजधानी में एक भव्य समारोह भी आयोजित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में देखा गया। जिसमें अधिकारियो के अलावा छात्र भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।



30 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के 52 लाख छात्रों के खातों में 300 करोड रुपए की छात्रवृत्ति का वन क्लिक के माध्यम से खातों में ट्रांसफर किया। जिसका सीधा प्रसारण जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के कुशल मार्गदर्शन एवम निर्देशन में प्रोजेक्टर के माध्यम से कराया गया। इस दौरान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 संस्था के प्राचार्य डॉ सुनील श्रीवास्तव के अलाबा बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं एवम शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी एचएस चौहान द्वारा कलेक्टर श्रोत्रिय की ओर से वन क्लिक के माध्यम से लाभार्थी सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही कहा गया कि छात्र छात्राओं को अपना भविष्य उज्जवल बनाने एबं पढ़ाई में आर्थिक समस्या की चिंता न करने के लिये शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। जिसके सहारे मेधावी छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई विना किसी वाधा के जारी रख सके।

### 31 दिसंबर तक एकल नल-जल योजनाएं पूर्ण करने के निर्देश

# 'सभी घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना ही मिशन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जल जीवन मिशन के तहत हर ग्रामीण परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से टीकमगढ़ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सागर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी. नरहरि ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एकल ग्राम नल-जल योजनाओं के शेष कार्य 31 दिसंबर 2025 तक हर हाल में पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा, कागज़ी प्रगति नहीं, नल से बहता पानी चाहिए। सतर्कता, गुणवत्ता और जवाबदेहीतीनों पर समझौता नहीं।

प्रमुख सचिव ने कहा कि योजनाएँ समय पर पूर्ण होती हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया जैसी बीमारियों में भारी कमी आएगी। सभी पाइपलाइन नेटवर्क को पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म पर अपडेट करने, निर्माण के दौरान तत्काल रोड रेस्टोरेशन, जल स्त्रोतों का तकनीकी सर्वे, और गांव-गांव शुद्ध पेयजल, क्लोरीन उपयोग और जल सुरक्षा मानकों की जानकारी देने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन नल-जल योजनाओं का काम पूरा हो गया है, उन्हें ग्राम सभा और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उत्सव के साथ पंचायतों को हस्तांतरित किया जाए। वहीं, गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबंधित ठेकेदारों से सुधार कराने, और काम में लापरवाही पर ठेका निरस्त कर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में प्रगति की धीमी गति वाले क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों से युद्ध स्तर पर कार्य कर समयसीमा में लक्ष्य हासिल करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत नियमित मॉनिटरिंग करें और कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए। बैठक में आयुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी, कलेक्टर टीकमगढ़ विवेक श्रोत्रिय, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह और निवाड़ी जिले के सीईओ जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, तथा अनुविभागीय अधिकारी व उपयंत्री उपस्थित रहे।

### गंभीर हालत में भेजा अस्पताल, इलाज के दौरान मौत

# मजदूरी करने शहर की तरफ जा रहे बाइक सवार को ट्रक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर की नूतन बिहार कॉलोनी रोड गुरुवार दोपहर के समय अपने गाँव से मजदूरी करने शहर की तरफ जा रहे एक वाईक सवार को ट्रक ने वेरहमी से कुचल दिया। जिससे इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। ढोंगा खेल मैदान गेट के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को बेरहमी से टक्कर मार दी और कई मीटर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार का शरीर बुरी तरह ज़ख़्मी हो गया और उसके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। जिसके बाद युवक को जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन युवक की जान नहीं बच पाई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को संभाला और डायल 112 व 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहां उसका उपचार के दौरान ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि घायल की पहचान मऊघाट निवासी कमलेश खंगार उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई है। हादसा उस वक़्त हुआ जब कमलेश अपनी बाइक से ढोंगा कॉलोनी रोड से शहर की तरफ जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक रॉन्ग साइड से आ रहा था और तेज़ रफ्तार में चालक ने नियंत्रण खो दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कमलेश सड़क पर दूर तक घसीटते चले गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक ड्राइवर बेपरवाही से चला रहा था, लोगों ने शोर मचाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दृश्य देखकर रूह कांप उठी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है और दोषी पर सख्त कार्रवाई होगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सख्त ट्रैफिक नियंत्रण और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे दिल दहला देने वाले हादसे दोबारा न हों।

### खेत पर एक ही परिवार के बीच हुई मारपीट

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट अंतर्गत ग्राम देवरी में रहने वाले रविन्द्र राजपूत पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गत दिवस जब वह अपने कुंआ पर भैंस लगाने जा रहा था, तभी गांव के सागर पुत्र छोटेलाल, दीपक पुत्र सागर व दीक्षा पुत्री सागर ने एकराय होकर कुंआ पर आते ही गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से हमलावर होकर सिर में कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाव करने पहुंची पत्नी के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रश्मि पत्नी सागर सिंह ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह कुंआ से पानी निकाल रही थी, तभी देवर रविन्द्र और देवरानी रानी, रूकमन ने गालियां देते हुये मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी।

### सड़क हादसे में नगालैंड के ट्रक चालक पर केस

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सतौरा निवासी राजकुमार तिवारी पुत्र रामस्वरूप तिवारी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह एक किसान है और उसका ट्रैक्टर पंजीयन नं. यू.पी.94 ए.एच. 0975 से करीब 40 कुन्तल मूंगफली लेकर ललितपुर मण्डी में बेचने के लिए बीती 17 अक्टूबर को आ रहा था। ट्रैक्टर का ड्राईवर गांव का अशोक पुत्र शिवराज चला रहा था और बटाईदार मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत ग्राम मोहरी निवासी नत्थूसिंह पुत्र खुमान बैठा हुआ था। बताया कि वह नेशनल हाई-वे पर घटवार गऊशाला के सामने ब्रज पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण दोनों ओर का ट्राफिक एक ही ओर से निकाला जा रहा था। इसी बीच सामने से आ रहे ट्रक नं. एन.एल. 01 ए.ई. 0945 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पर बैठा साझेदार नत्थू सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि साथ में चल रहे गांव के मनोहर सिंह पुत्र सूरत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया व ट्रैक्टर चालक अशोक दूर जा गिरा और चोटिल हुआ। इसके अलावा ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदी 40 कुन्तल मूंगफली का भी नुकसान हुआ। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### साइबर सेल ने पीजी कॉलेज में युवाओं को सिखाया ऑनलाइन सुरक्षा के गुर

# 'एक क्लिक डाल सकती है पूरी डिजिटल पहचान खतरे में'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन और मार्गदर्शन में साइबर सेल टीकमगढ़ द्वारा गुरुवार को शासकीय पीजी कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के तौर-तरीकों, तकनीकी तरीकों और बचाव उपायों के प्रति जागरूक करना था।




कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, यूपीआई स्कैम, फेक एप्स और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। विशेषज्ञों ने कहा कि डिजिटल संसार में सबसे बड़ा हथियार सतर्कता और सही जानकारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक, क्यूआर स्कैन और अनजान व्यक्तियों द्वारा भेजे संदेशों पर विश्वास न करें। कार्यशाला में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया बताई गई। छात्रों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत दें ताकि समय रहते नुकसान रोका जा सके। अधिकारियों ने थिंक बिफोर यू क्लिक का संदेश देते हुए कहा कि एक क्लिक कई बार पूरी डिजिटल पहचान को खतरे में डाल सकता है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने सवाल पूछे और साइबर टीम ने विस्तार से जवाब दिए। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के नवाचार के अंतर्गत जिले के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहाँ प्रशिक्षित पुलिसकर्मी नागरिकों को डिजिटल अपराधों से संबंधित समस्याओं में तत्काल सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं। इसके साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान भी लगातार जारी है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ केसी जैन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश अहिरवार, डॉ मंजू कुशवाह, डॉ धनीराम अहिरवार, डॉ राम मनोहर अहिरवार, डॉ सौमित्र बनर्जी, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ देशराज अहिरवार, डॉ वीएस शाक्य, डॉ राजेश सैनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाते हैं। इस कार्यशाला में साइबर सेल की ओर से उप-निरीक्षक मयंक नगाइच, प्रधान आरक्षक रहमान खान और आशीष विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियुक्ति के लिए हुई जिला स्तरीय दावा आपत्ति बैठक

# जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यों के बहिष्कार के बीच बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती के लिए जिला महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी की गई अंनतिम सूची को लेकर आई दावा आपत्ति के निराकरण के लिए आयोजित जिला स्तरीय बैठक में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ इस नियुक्ति में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों पर जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यों ने लेनदेन कर भर्ती करने के आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार किया। इसके बावजूद बैठक आयोजित कर दावे आपत्ति आपत्तियों का निराकरण कर लिया गया। इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई ने मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

शहरी क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए निकाली गई कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए जिस सूची को खंड स्तरीय समिति ने मेरिट सूची बनाई थी उस पर आमंत्रित की गई दावा आपत्ति का निराकरण गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिला स्तरीय इस समिति में जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद की मौजूदगी में दावा आपत्ति का निराकरण कर दिया गया पर इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई सहित अन्य सदस्यों ने बैठक का यह कहते हुए बहिष्कार कर दिया कि भर्ती प्रक्रिया में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। इस भ्रष्टाचार के चलते सरकार की और प्रशासन की छवि धूमिल हुई है इस मामले में पारदर्शिता अपनाया जाना जरूरी थी जो अपनाई नहीं गई लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों के विरोध को दरकिनार करते हुए भी बैठक जारी रखी गई जिससे नाराज जिला पंचायत अध्यक्ष ने बैठक का बहिष्कार कर दिया और अपने चेंबर में आकर बैठ गई। हालांकि जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति ने बैठक की औपचारिकता पूरी करते हुए सभी दावा आपत्ति का निराकरण कर लिया लेकिन इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।



#### ट्रांसफर के बाद भी रिलीव नहीं हुए अधिकारी ने की नियुक्ति

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की भर्ती के मामले में सबसे अधिक भ्रष्टाचार के आरोप शहरी परियोजना में होने के लगाए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जिस अधिकारी को शिकायतों के आधार पर सरकार ने ट्रांसफर कर दिया था वह अधिकारी कई महीने गुजरने के बाद भी आज भी श्योपुर में डटा हुआ है हालांकि व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से सेक्टर सुपरवाइजर को प्रभार दिया हुआ है लेकिन सेक्टर सुपरवाइजर खुद को सामान्य प्रभार होना बता रही है, ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया को देखने वाला पासवर्ड पूर्व अधिकारी के पास होना बता रही है। नियुक्ति के पीछे वही अधिकारी जो जिले से कई माह पहले ट्रांसफर हो गए हैं। उन्हीं पर अभ्यर्थी और नेता भ्रष्टाचार करने और सरकार एवं भाजपा संगठन को बदनाम करने के आरोप लगा रहे हैं।

#### दीपावली से पहले निकाली नियुक्ति दावा आपत्ति का नहीं मिला समय

शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों के लिए जो आवेदन आमंत्रित किए गए थे उनकी अनंतिम सूची दीपावली की छुट्टियों से एक दिन पहले जारी की गई जो उसी दिन शाम को आंगनबाड़ी केंद्रों पर चस्पा कर दी गई लगातार छुट्टियां के कारण दावा आपत्ति का समय अभ्यर्थियों को नहीं मिला 24 अक्टूबर को दावा आपत्ति का समय समाप्त हो गया जिसके चलते ऐसे कार्यकर्ता जो ऑनलाइन दावा आपत्ति नहीं कर पाई थी वह दफ्तर खुलने के बाद जनसुनवाई में और सीधे कलेक्टर से मिलकर शिकायत करती दिखी। प्रश्न नहीं उठ रहा है कि अगर फ्री एंड फेयर नियुक्ति करनी थी तो फिर दीपावली की छुट्टी का समय ही क्यों चुना गया और ऐसे समय जब पूरा जिला प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है सारे अधिकारी कर्मचारी इस प्राकृतिक आपदा में उलझे हुए हैं ऐसे में गुपचुप जिला स्तरीय समिति की बैठक बुलाकर नियुक्ति की जा रही है जो भी संदेह के दायरे में आ रही है।

#### किन बातों पर की गई आपत्ति

जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों की सबसे बड़ी आपत्ति अभ्यर्थियों को अपात्र बनाने पर थी। नियुक्ति ऑनलाइन हुई है और दावा आपत्ति भी ऑनलाइन ही आमंत्रित की गई थी पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित कर दिया गया ओर उन्हें ऑनलाइन दावा आपत्ति करने का अधिकार नहीं दिया गया। वार्ड नं 19 में रहने वाली एक अभ्यर्थी रुचिका सोनी ने बताया कि उसने वार्ड नं 19 के आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आवेदन किया था लेकिन उसे वार्ड नंबर 17 का बताकर आवेदन निरस्त कर दिया गया जबकि उसका नाम वार्ड नंबर 19 की मतदाता सूची में मौजूद है और सारे दस्तावेज उसके वार्ड नंबर 19 के बने हुए हैं इसी तरह वार्ड क्रमांक 11 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेशमा ने बताया कि उसे द्वेश भावना के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया था जिसकी अपील उसने कमिश्नर न्यायालय में की हुई है मामला कमिश्नर न्यायालय में चल रहा है इसके बावजूद उसके केंद्र पर नियुक्ति के लिए वेकेंसी निकाली गई और सूची जारी कर दी गई जो न्यायालय की अवमानना है ऐसे ही कई आपत्ति यह आई थी जिन्हें दरकिनार कर दिया और आवेदन तक नहीं लिए गए ऐसे ही शिकायत कर्ताओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष और सदस्यों के पास आवेदन लेकर पहुंच रहे थे कई आवेदन कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को भी दिए गए इन आवेदनों पर विचार नहीं किया गया जिससे जिला पंचायत अध्यक्ष भारी भ्रष्टाचार होने की बात कह कर बहिष्कार कर दिया।

#### इनका कहना है...

खंड स्तरीय समिति द्वारा जारी की गई अनंतिम सूची पर दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी समय सीमा में आई आपत्तियों पर आपत्तिकर्ताओं के सम्मुख चर्चा की गई। बैठक में एक जनप्रतिनिधि के कोरमा की जरूरत थी स्वास्थ्य समिति के सदस्य जन प्रतिनिधि के रूप में मौजूद थे बाकी अधिकारियों के साथ चार सदस्यों के साथ कोरम पूर्ति हो गई थी।

**सौम्या आनंद**
**जिला पंचायत सीईओ श्योपुर**

सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियुक्ति में होने वाले फर्जी वाडा को समाप्त करने के उद्देश्य ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की है जिसमें भ्रष्टाचार होने की संभावना बिल्कुल नहीं थी लेकिन महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी इसमें भी भ्रष्टाचार कर गए जिससे सरकार की छवि धूमिल हुई है। मैंने ओर सदस्यों ने सरकार की छवि धूमिल करने वाले इस कृत्य के खिलाफ बैठक का बहिष्कार किया है। जनप्रतिनिधियों के बहिष्कार के बावजूद बैठक कर की गई मनमानी से कलेक्टर अर्पित वर्मा को अवगत करा दिया है। शीघ्र ही में सभी जिला पंचायत सदस्यों को साथ लेकर मुख्यमंत्री से भोपाल जाकर मिलूंगी और अधिकारियों द्वारा नियुक्ति में की गई उगाही को सबूत सहित पेश करूंगी।

**गुड्डी बाई आदिवासी**
**जिला पंचायत अध्यक्ष श्योपुर**

### किसान बोला ट्यूबवेल का नियमित रूप से दे रहा हूं बिल,फिर भी भेज दिया भारीभरकम बिल

# 3 करोड़ 94 लाख रुपए का बिजली बिल देखकर सदमे में पहुंचा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर






बेमौसम बारिश की मार से बर्बाद हुए किसानों को इस समय बिजली कंपनी भी भारी भरकम राशि का बिजली बिल देकर बिजली का जोरदार करंट दे रही है। जिससे देखकर किसान सदमे पहुंच रहे है। इसकी बानगी श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के दांतरदा गांव में देखी जा सकती है,जहां एक किसान को उसके खेत पर लगी ट्यूबेवल का बिजली कंपनी के द्वारा 3 करोड 94 लाख 27 हजार 169 रूपए की राशि का बिजली बिल दिया गया है। इस भारी भरकम बिजली बिल को देखकर किसान सदमें में पहुंच गया है। जिसका पता चलने पर आसपडोस के किसान उसके पास ढांढस बंधाने के लिए पहुंचे और किसान को किसी तरह का कोई गलत कदम न उठाए जाने की सलाह देते हुए उसे बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

ग्राम दांतरदा निवासी किसान रामराज मीणा यूं तो हर छह माह में अपने ट्यूवेल का बिजली बिल अदा करता आया है, लेकिन इसके बाद भी उसे इस बार बिजली कंपनी के द्वारा 3 करोड 94 लाख रूपए से अधिक का बिजली बिल थमा दिया गया है। बिजली बिल को देखकर हैरान बने रामराज मीणा का कहना है कि मेरे खेत पर लगी ट्यूबवेल को चलाने के लिए मेरे द्वारा विधिवत बिजली कनेक्शन लिया गया है और हर छह महीने में दिए जाने वाले बिजली बिल को नियमित रूप से अदा भी करा रहा हूं, पहले का कोई बिजली बिल भी मेरे पर बकाया नहीं है, इसके बाद भी मुझे अक्टूबर माह में मुझे इतनी भारी भरकम राशि का बिजली बिल क्यों दे दिया गया है। यह समझ से परे बना हुआ है।

#### कहां से भर पाऊंगा इतना बिजली बिल

3 करोड़ 94 लाख से अधिक राशि के बिजली बिल को देखकर हैरान बने किसान रामराज मीणा का कहना है कि इतनी भारी भरकम राशि का बिजली बिल मै कैसे भर पाउंगा। इस बिजली बिल में सुधार के लिए बिजली कंपनी के अधिकारियों को आवेदन भी दिया गया है। किसान का कहना है कि बिजली कंपनी अधिकारी मेरे बिजली बिल में जल्द सुधार करें अन्यथा बिजली बिल को मेरी मानसिक परेशानी बढती जा रही है।

#### इनका कहना है...

किसान के पास इतनी राशि का बिजली बिल आना संभव नहीं है। हो सकता है कि बिजली बिल में गलत राशि अंकित हो गई हो,मामले को दिखवाते हुए उसमें सुधार की कार्रवाई की जाएगी।

**लक्ष्मीनारायण पाटीदार**
**महाप्रबंधक बिजली कंपनी,श्योपुर**

# किसान नेताओं की मांग, मंडी में बने शेड फसल रखने कराए जाएं खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विभिन्न किसान नेताओं ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए कृषि उपज मंडी श्योपुर में किसानों की फसल के लिए बनाई गई टीन शेडो को खाली करवाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि श्योपुर मण्डी प्रांगण में किसानो की फसल के कृय-विक्रय के लिऐ बनाये गये टीन शेडो पर किसानो की फसल कृय विक्रय न होकर खुले मैदान में नीलामी की प्रकिया संचालित है जिसके कारण मोसम खराब होने पर किसानो की फसले खराब होन का अन्देशा हमेशा बना रहता है।शासन के द्वारा श्योपुर मण्डी प्रागण में किसानो की फसल के ओक्सन हेतु टीन शेड बनाएं गये है लेकिन उक्त शेडो पर व्यापारियो के द्वारा अपना स्टोक की फसलो को रख कर कब्जा कर रखा है। शासन नियमो के तहत व्यापारियो का स्टॉक का माल गोदाम में रखने का प्रावधान है जबकी मण्डी प्रांगण के शेडो का व्यापारियो के द्वारा अपना गोदाम बना रखा है जिससे किसानो को मण्डी प्रांगण में अपनी फसल की बिकी करने में परेशानी हो रही है और मंडी प्रांगण क्षेत्र में किसान का मोसम खराब होने पर फसल को बचाने व स्वयं के लिए कोई सुरक्षित स्थान नही है। फसल बोली के लिये बनाये गऐ शेडो को पूर्व में प्रशासन के द्वारा खाली करवाकर व्यापारियो के माल हटवाकर किसानो कि फसले विक्रय हेतु सुरक्षित किये थे लेकिन पुनः व्यापारियो के द्वारा नियमो के विरूद्ध अपने स्टोक की फसल गोदामों में न रखकर उक्त शेडो में गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र के किसानो को खुले मैदान में अपनी फसलो का ओक्सन करने के लिऐ विवश होना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वाले किसान नेताओं में रामलखन हिरनी खेड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरगोविन्द जोहरी, ओमप्रकाश, सत्यनारायण, राधे श्याम, भीम, राजू मीणा आदि मौजूद रहे।

# श्योपुर नपाध्यक्ष से बंगला खाली कराने कांग्रेस पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कांग्रेस दल के पार्षदों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर अर्पित वर्मा को नपा अध्यक्ष रेनू राठौर से श्री हजारेश्वर पार्क में बनाए गए बंगले को खाली करने की मांग न्यायालय के आदेश के क्रम में करते हुए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के आदेश दिनांक 08.10.2025 अनुसार नपाध्यक्षा से उनके समस्त अधिकारों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है, इसके बावजूद भी नपाध्यक्ष अपने सरकारी बंगले में ही निवासरत है, जो कि न्यायालय के आदेश की अव्हेलना है, इसके अलावा पार्षदों ने शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराने की मांग करते हुए कहा कि नपाध्यक्ष से अधिकार वापस लिये जाने के बाद से नगर के सभी वाडों में विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे। इसलिए जनहित में को ध्यान में रखते हुये विकास कार्यो को गति देने के लिए नपा अध्यक्ष समस्त कार्यभार किसी अन्य को सौपे जाये जित्तसे विकास सुचारू रूप से चल सके। ज्ञापन की प्रति मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास एवं आयुक्त संचनालय नगरीय प्रशासन विकास तथा संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास चंबल, ग्वालियर संभाग को भी भेजी गई है।

# रामेश्वर मेला 4 नवंबर से नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले त्रिवेणी संगम रामेश्वर मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत मानपुर अंतर्गत आने वाले रामेश्वर त्रिवेणी संगम मेला कार्तिक मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर 4 से 6 नवंबर तक आयोजित होगा।

#### रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

श्योपुर। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किये जाने के क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर 31 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे पीजी कॉलेज पाली रोड से पटेल चौक तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शहर के नागरिक, जनप्रतिनिधि, युवा, खिलाडी, विद्यार्थी सहित अधिकारी, कर्मचारी भाग लेंगे। लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने के क्रम में आयोजित रन फॉर यूनिटी के समापन अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली जायेगी।

# यातायात पुलिस ने दूसरे दिन 40 यात्री बसों को किया चेक,18 बसों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




यात्री बसों में कोई घटना, दुर्घटना घटित न हो,इसके लिए यातायात थाना पुलिस ने एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में यात्री बसों की चेकिंग करते हुए यात्री बसों में उपलब्ध सुरक्षा मापदंडों को चैक कर रही है। इसी क्रम में यातायात थाना पुलिस ने बुधवार के बाद गुरूवार को भी सडक पर उतरकर 40 यात्री बसों की चैकिंग की और सुरक्षा मापदंडों का उल्लंघन कर रही 18 यात्री बसों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई।

गुरूवार को यातायात थाने की पुलिस टीम के साथ चैकिंग के लिए सडक पर उतरे यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने अलग अलग सडकों पर यात्री बसों की चैकिंग करते हुए 40 बसों को चैक किया। चैकिंग के दौरान 1 यात्री बस ओवर लोड, 8 बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिला, 7 बसों में प्राथमिक उपचार किट नहीं मिली, 2 बसों में स्पीड गर्वनर नहीं मिला। इसलिए इन 18 बसों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 31 हजार 500 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी राजपूत ने सभी यात्री बस संचालकों को समझाइस देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी बसों में जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होने चाहिए,साथही सभी जरूरी दस्तावेज भी कंपलीट होनी चाहिए। तभी यात्री बसों का संचालन सडकों पर होने दिया जाएगा।

### बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे युद्ध स्तर पर जारी

# आधी रात खत्म हुआ धरना, दूसरे दिन सिरसौद गांव में हुआ मृतक किसान का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल को देख सदमे में आए जिस किसान कैलाश मीणा ने अपने खेत में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी उसके शव का गुरुवार को किसान के पैतृक गांव सिरसौद में अंतिम संस्कार कर दिया गया। ज्ञात हो कि बुधवार की सुबह करीब 5 बजे कैलाश ने फांसी लगाई थी। इस मामले में परिजनों के साथ ग्रामीणों ओर किसान नेताओं द्वारा जैनी में प्रदर्शन कर धरना दिया था।

दिन भर चले धरने पर आधी रात पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मृतक के परिजनों को नकद सहायता राशि और शासन से राहत दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर धरना समाप्त हुआ। उधर कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले में खराब हुई फसलों का सर्वे का युद्ध स्तर पर अमले द्वारा गुरुवार को भी जारी रहा। ज्ञात हो कि एक सैकड़ा से अधिक पटवारी हलकों में कलेक्टर ने इतने ही अधिकारियों को पटवारी और दूसरे मैदानी अमले के साथ सर्वे के काम में लगाया हुआ है।

फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने वाले किसान को गुरुवार को जिला अस्पताल में सुबह 6:30 बजे के करीब लाने के बाद से ही विधायक बाबू जंडेल और दूसरे किसान नेता सक्रिय हो गए जिन्होंने पहले तो जिला अस्पताल से ही शव को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया लेकिन बाद में प्रशासन शव को एंबुलेंस में रखकर उसके पैतृक गांव सिरसौद ले गया लेकिन रास्ते में ही ग्रामीणों ने जैनी तिराहे पर एंबुलेंस को रोक कर धरना शुरू कर दिया दिन भर चले धरने में अफसरों ने आंदोलनकारियों को खूब मनाने का प्रयास किया लेकिन आंदोलनकारी पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा सरकार से दिलाने की बात पर अड़े रहे। इसके बाद रात में पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पीड़ित परिवार को रेड क्रॉस की ओर से दो लाख रुपए का चैक और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को संविदा पर सरकारी नौकरी देने तथा सरकार से 15 लाख रुपए दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर धरना समाप्त हुआ। इसके बाद गुरुवार की सुबह 8:00 बजे के करीब सिरसौद गांव में मृतक किसान का अंतिम संस्कार किया गया। दो दिनों तक चले इस प्रदर्शन में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के नेता शामिल हुए इस मामले में जहां भाजपा दल से जुड़े नेता सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने का बात करते हुए अपने नेताओं को इसका श्रेय देते दिखे वहीं कांग्रेस दल से जुड़े नेता इस राहत को आंदोलन की देन बता रहे है।



#### चौथे दिन भी सर्वे जारी सीएम कर रहे मॉनिटरिंग

रविवार को आई आफत की बारिश के बाद बर्बाद फसलों का सर्वे करने के जो निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा से मिलने के बाद मैदानी अमले ने युद्ध स्तर पर बर्बाद फसलों का आकलन शुरू कर दिया है। कलेक्टर किए जाने वाले सर्वे की रोजाना समीक्षा करते हैं और मिली समीक्षा से तत्काल मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री को अवगत कराया जा रहा है ताकि राहत राशि में कोई विलंब न हो इस दौरान कलेक्टर ने बीमा कंपनी को भी पंजीकृत किसानों के खातों में बीमा क्लेम भेजे जाने के लिए पत्र भेज दिया है।

#### पानी से मिली राहत तो फिर जगी किसान की उम्मीद

भले ही बे मौसम बारिश से धान की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई है। बारिश ने कटी पड़ी धान को पानी में डुबोकर फसल के लिए खेत को ही कब्रगाह बना दिया हो लेकिन बीते दो दिनों से बारिश के नहीं होने से किसानों को फिर उम्मीद बंधी है। कृषि वैज्ञानिकों की माने तो पानी में डूबी फसल को अभी भी बचाया जा सकता है। खेतों में किसानों ने पंप लगाकर पानी निकलना शुरू कर दिया है जिसके बाद खेत से फसल को निकाल कर सुखाने का काम किया जाएगा। ऐसी स्थिति में फसल को दोबारा से सुखाकर बाजार में बेचने लायक बना लिया जाएगा। हालांकि इस दौरान फसल के काला पढ़ने और उसकी गुणवत्ता खराब होने से दाम आधे या उससे भी कम रह सकते हैं पर यह कवायत किसानों के आंसू पोंछने के लिए पर्याप्त होगी। उधर जो फसल अभी खड़ी हुई है अगर धूप निकल आती है तो उसे भी बहुत राहत मिलेगी।

# तंबाकू मुक्त अभियान अंतर्गत स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत गुरूवार को कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में तम्बाकू के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा द्वारा छात्रों के बीच तम्बाकू निषेध पर संवाद किया गया।

इस दौरान उन्होंने छात्रों को बताया कि तंबाकू का सेवन शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है जो केन्सर का कारण बनता है, तंबाकू, धूम्रपान की संख्या युवाओं में निरंतर बढ़ रही है जो चिंता का विषय है हम सबको संकल्प लेना है कि तंबाकू का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता की जाये तथा तम्बाकू सेवन नही करने के लिए लोगों को अवगत कराया जायें। इस अवसर पर विद्यार्थियों को तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूकता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

## नपा के आउटसोर्स कर्मचारी और उसके दोस्त के साथ मारपीट नामजद आरोपी और उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज

श्योपुर। नगर पालिका श्योपुर के एक आउटसोर्स कर्मचारी के साथ नामजद आरोपियों ने पुरानी रंजिश पर लोहे के सरिए से मारपीट कर दी। यही नहीं, जब दोस्त उसे बचाने के लिए दौडा तो आरोपियों ने दोस्त की भी मारपीट कर डाली। यह विवाद गुरूवार की दोपहर को शहर के इमामबाडा क्षेत्र में हुआ। मारपीट के दौरान घायल हुए आउट सोर्स कर्मचारी कृष्ण अवतार तोमर और उसके दोस्त अमन शर्मा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। कोतवाली पुलिस ने कृष्ण अवतार तोमर की रिपोर्ट पर अलिफ उर्फ शिकारी उर्फ शिक्कू तथा उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### युवा संगम कार्यक्रम: कई विभागों के 120 स्वरोजगारियों को 3 करोड़ से अधिक का हितलाभ वितरण

# निजी क्षेत्र की कंपनियों ने 187 से अधिक युवाओं का प्रारंभिक चयन कर दिए प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में जिले में प्रत्येक चौथे गुरुवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में गत दिवस शिवपुरी में शासकीय पी.जी. कॉलेज शिवपुरी में युवा संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

#### सभी युवा शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं: डॉ पवन कुमार श्रीवास्तव

इस कार्यक्रम में उपस्थित पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ पवन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी युवा अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाए अनुभव के आधार पर रोजगार मिलता है, स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम हम नौकरी लेने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बन सकते है,अच्छा काम करने के लिए हमे शारीरिक और मानसिक रूप से भी स्वास्थ्य होना जरूरी है इसी लिए आज स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अपनी पढ़ाई के दौरान ही कैरियर निर्धारित कर तय करे कि हमें किस दिशा में जाना कौन कार्य करना है उसी अनुरूप प्रयास करे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।



#### हितग्राहियों ने प्रसन्नता के साथ किया शासन का धन्यवाद

जिला रोजगार अधिकारी बी.एस.मीना ने बताया कि आज के कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 12 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान 187 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन उपरांत अतिथियों की उपस्थिति में ऑफर लेटर प्रदान किये गये। विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं के 120 स्वरोजगारियों को 3 करोड़ 38 लाख से अधिक का हितलाभ वितरण वितरण किया गया जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन के 10 स्वसहायता समूह के 3 करोड़ और उद्योग विभाग के 17 हितग्राहियों को 33.32 लाख, संत रविदास स्वरोजगार योजना के 3 हितग्राहियों को 5.07 लाख के हितलाभ वितरण कराए गए। मुख्य मंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत दिलीप कुमार को ऑटो रिक्शा के लिए 2 लाख 38 हजार और ऊदल सिंह गुर्जर को ऑटो के लिए 2 लाख 60 हजार का हितलाभ वितरण मौके पर ही किया गया। योजना का लाभ मिलने पर हितग्राहियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन को धन्यवाद किया

कार्यक्रम में उपस्थित भूपेन्द्र रावत अध्यक्ष लघु उद्योग भारती ने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा बहुत सी योजनाए संचालित की जा रही है। सभी युवा उनका लाभ उठाए, हमारे प्रतिष्ठानों में भी लगभग 700 लोग काम कर रहे है आप कंपनी में कही न कहीं से काम की शुरुआत करे, सेलरी के पीछे न भागे सैलेरी आपकी योग्यता और अनुभव के आधार पर बढ़ती रहती है। इस दौरान उन्होंने निजी क्षेत्र में रोजगार के लिये प्रेरक कहानी के माध्यम प्रेरित किया। युवा संगम में प्रदेश की 12 निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियो द्वारा 187 युवाओं को साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये।

#### नशा मुक्ति की दिलाई शपथ कौशल विकास की दी जानकारी

इस कार्यक्रम के युवा संगम में युवक युवतियों को नशामुक्ति की जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही हैं साथ कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई गई और उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र अरविंद माहेश्वरी, प्राचार्य आईटीआई सचिन कौरव, उद्योग केंद्र के प्रबंधक अजय तिवारी, आई टी आई, महाविद्यालय का स्टाफ स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टीपीओ डॉ ममता रानी, डॉ नैंसी मौर्य सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र विभाग, प्रोफेसर जमाल गुरसैल सहायक प्राध्यापक जूलॉजी विभाग, डॉ साधना रघुवंशी अतिथि विद्वान रसायन शास्त्र विभाग सहित अन्य आधिकारी /कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।



## मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों व प्रेस के प्रतिनिधियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

**मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के संबंध में बैठक संपन्न**

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने गतदिवस मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों एवं प्रेस के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर कार्यालय के सभागार में बैठक की। इस दौरान कलेक्टर श्री चौधरी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि तथा प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री चौधरी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण की एसआईआर की तारीखों की घोषणा कर दी है इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल हैं। प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया है कि वे अनिवार्य रूप से बीएलए की नियुक्त कर दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होते ही मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.डॉट.ईसीआई.इन पर जाकर 2003 की मतदाता सूची को देखा जा सकता है। इसके अलावा मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तीन बार बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। प्रत्येक मतदाता के लिये ईआरओ व एईआरओ द्वारा विशिष्ट गणना पत्रक (ईएफएस) तैयार किए जायेंगे। बीएलओ घर-घर जाकर यह गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। साथ ही मतदाता का अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एसआईआर (वर्ष 2002-2004) की मतदाता सूची के मिलान व लिंक करने में मदद करेंगे। गणना पत्रक भरने के लिये मतदाता को कोई भी दस्तावेज जमा नहीं करना है। अगर पिछले एसआईआर से मिलान नहीं होता है तब ईआरओ संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर सूचित करेंगे। साथ ही सुनवाई का मौका देंगे। इस दौरान वह व्यक्ति आयोग द्वारा निर्धारित एक दर्जन से अधिक पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपना नाम जुड़वा सकेगा।

अपर कलेक्टर श्री शुक्ला ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा। उन्होंने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 28 से 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। दावा आपत्तियों के आवेदन 9 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 7 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

एसआईआर के दौरान लगने वाले सांकेतिक दस्तावेजों में केंद्रीय / राज्य सरकार / सार्वजनिक उपक्रम द्वारा नियमित कर्मी/ पेंशनर को जारी पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, भारत में किसी सरकारी / स्थानीय निकाय / बैंक / डाकघर / एलआईसी / सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 01.07.1987 से पूर्व जारी कोई पहचान/ प्रमाण-पत्र / दस्तावेज़, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक/शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या अन्य जाति प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ उपलब्ध हो), राज्य/स्थानीय निकाय द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि / मकान आवंटन प्रमाण-पत्र तथा आधार के लिए आयोग द्वारा जारी निर्देश लागू होंगे।

## खाती बाबा मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव बना हिंदू और मुस्लिम एकता की अनुपम मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



न्यू कॉलोनी स्थित खाती बाबा मंदिर में इस वर्ष भी भव्य अन्नकूट का आयोजन संपन्न हुआ, जो न केवल धार्मिक उत्साह का प्रतीक बना बल्कि हिंदू और मुस्लिम समुदायों की अटूट एकता को दर्शाने वाला अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु उमड़े, जहां हलवा, पूड़ी और विविध अन्नकूट सब्जियों का प्रसाद वितरित किया गया, तथा सभी ने अनुशासित कतारबद्ध होकर इसका लाभ उठाया। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब ऐसा विशाल भंडारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो स्थानीय स्तर पर सांप्रदायिक सद्भाव की मजबूत नींव को रेखांकित करता है। मंदिर के आसपास की बस्ती में हिंदुओं के साथ-साथ मुस्लिम परिवारों की बड़ी संख्या निवास करती है, और इन परिवारों के सदस्य खुलकर स्वीकार करते हैं कि खाती बाबा की कृपा उनके पूरे कुल पर बरसती है, जिससे उनकी जिंदगी में सुख-शांति बनी रहती है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि भंडारे के लिए पूरा भोजन मुस्लिम परिवार द्वारा अपने निजी गार्डन में तैयार करवाया जाता है, जहां हर छोटी-बड़ी व्यवस्था का सूक्ष्म ध्यान रखा जाता है, जिसमें पाककला से लेकर सफाई और वितरण तक सभी कार्य शामिल होते हैं। इस प्रक्रिया में मुस्लिम समुदाय की सक्रिय भागीदारी न केवल आयोजन की भव्यता बढ़ाती है बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की गहराई को भी प्रदर्शित करती है। खाती बाबा मंदिर सेवा समिति के गठन में राईन समाज के लोगों का सर्वाधिक योगदान रहा है, जिनकी जमीन पर यह पवित्र स्थल दशकों से विराजमान है; वे अपने पारंपरिक धर्म का पालन करते हुए भी यहां पूर्ण श्रद्धा निवेदित करते हैं, जो धार्मिक सहिष्णुता की जीवंत तस्वीर पेश करता है। समिति के प्रमुख सदस्यों में साजिद खान, संतोष त्रिपाठी, बल्लू तिवारी, शैलेंद्र यादव, मोहसीन खान, मामा साहू और रिसब गुप्ता जैसे विविध पृष्ठभूमि के व्यक्ति शामिल हैं, जो मिलकर हर निर्णय लेते हैं और आयोजन को सुचारु रूप देते हैं।

वर्तमान समय में जबकि देश के विभिन्न हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव की खबरें आम हो चुकी हैं और लोग माहौल बिगाड़ने में लगे हैं, वहीं न्यू कॉलोनी का यह मंदिर और इसका अन्नकूट उत्सव एक सकारात्मक संदेश प्रसारित कर रहा है, जो बताता है कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत अभी भी जीवित है और समुदायों को जोड़ने की क्षमता रखती है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी शामिल थे। प्रसाद ग्रहण करने के दौरान किसी प्रकार की अफरा-तफरी नहीं हुई, बल्कि सभी ने धैर्यपूर्वक लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया, जो आयोजकों की कुशल प्रबंधन क्षमता का प्रमाण है। मुस्लिम परिवारों के सदस्यों ने न केवल भोजन तैयारी में हाथ बटाया बल्कि वितरण और सफाई जैसे कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे हिंदू भक्तों के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव स्पष्ट झलका। राईन समाज के लोग, जिनकी जमीन के पास में मंदिर खड़ा है, वर्षों से इस स्थल की देखभाल कर रहे हैं और अपने धार्मिक कर्तव्यों के साथ-साथ यहां की परंपराओं को भी जीवंत बनाए रखते हैं। समिति के सभी सदस्यों की एकजुटता से यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक उत्सव बन गया, जहां विभिन्न वर्गों के लोग एक मंच पर आकर खुशी साझा कर रहे थे। इस तरह का कार्यक्रम आज के विभाजनकारी दौर में प्रेरणा का स्रोत है, जो सिखाता है कि आस्था और सेवा के माध्यम से समाज को एकसूत्र में बांधा जा सकता है। हजारों लोगों ने प्रसाद लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया और घर लौटते समय चेहरे पर संतुष्टि की मुस्कान लिए, यह विश्वास जताते हुए कि खाती बाबा की कृपा सभी पर समान रूप से बरसती है।



#### डॉक्टर की अनदेखी या मरीज की लापरवाही: करैरा हाथ में ड्रिप लेकर सड़क पर घूम रहे मरीज का वीडियो वायरल

**शिवपुरी।** जिले के सिरसौद गांव में झोलाछाप डॉक्टर के पास इलाज करा रहे मरीज को लगी ड्रिप, लेकिन टॉयलेट की जरूरत पड़ने पर डॉक्टर ने बाहर भेज दिया। ड्रिप बोतल लेकर सड़क पर निकले मरीज का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। ग्रामीणों ने झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है। सवालों के घेरे में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था।

#### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** सीएमएचओ डॉ अल्का त्रिवेदी के मार्गदर्शन में एवं नोडल अधिकारी डॉ रजनी छारी के निर्देशन में बुधवार को उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (डिग्री कॉलेज) अशोकनगर में छात्र छात्राओं को पोषण, एनिमिया, योग एवं शारीरिक गतिविधियों हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन का आयोजन प्राचार्य डॉ रेणु राजेश एवं प्रोफेसर चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कॉलेज के लगभग 200 छात्रों की उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ सी.पी. यादव जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पोषण एनीमिया एवं शारीरिक गतिविधि के संबंध में विस्तार से बताया गया। उमंग परामर्शदाता वैशाली माथुर द्वारा उमंग स्वास्थ्य केंद्र जिला चिकित्सालय में किशोर किशोरियों को मानसिक, शारीरिक एवं किशोर आयु से संबन्धित समस्याओं के निवारण हेतु जिला चिकित्सालय में परामर्श सेवा के संबंध में एवं मानसिक स्वास्थ्य से संबन्धित समस्याओं के समाधान हेतु मनहित एप एवं टेलीमानस सुविधा के बारे में जानकारी दी। योग शिक्षक रामबली यादव एवं उनके सहयोगी धनपाल द्वारा योग एवं योग के लाभ व कब योग किया जाना चाहिए।

## नेहरू पार्क परिसर में छात्राओं के लिए डिजिटल ई-लाइब्रेरी का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा बुधवार को नेहरू पार्क परिसर में विशेष रूप से छात्राओं के लिए तैयार की गई कन्या डिजिटल ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह द्वारा किया गया।

यह ई-लाइब्रेरी केवल छात्राओं के अध्ययन हेतु तैयार की गई है, जहाँ निःशुल्क इंटरनेट सुविधा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सभी डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। पहले यह लाइब्रेरी लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए संचालित होती थी, लेकिन अब इसे केवल बच्चियों के लिए समर्पित किया गया है। आने वाले समय में लड़कों के लिए अलग से लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद महेंद्र भारद्वाज, डॉ. जयमंडल यादव, गीता आर्य, राशिद खान चिन्ना, विपिन शिवहरे, संजय जाटव, धर्मेंद्र रघुवंशी, मनीष धुरेंटे, गोपाल ओझा, राजकुमार यादव, सत्तू लोधी, शीला जाटव एवं रविंद्र लोधी सहित नपा कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि इस ई-लाइब्रेरी के माध्यम से छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास किया गया है, जिससे वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। जिला कलेक्टर आदित्य सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ना बहुत जरूरी है, हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए। मैं भी आज तक पढ़ाई करता हूं। यह आपकी सही उम्र है अपने भविष्य को संवारने की। इसका सदुपयोग करें।

जिला पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका ने छात्राओं के लिए अध्ययन की बेहतर व्यवस्था की है, इसका पूरा लाभ उठाएं और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने छात्राओं से कहा कि अभी आपके पास अवसरों का समय है, इसे व्यर्थ न जाने दें और पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करें। उन्होंने अपने छात्र जीवन की प्रेरक बातें भी बच्चियों के साथ साझा कीं।



#### भारतीय किसान संघ ग्राम समिति धुर्रा ने किया गोपाष्टमी पर गो माता पूजन

**अशोकनगर।** भारतीय किसान संघ जिला अशोकनगर ईसागढ़ तहसील की ग्राम समिति धुर्रा में सभी किसान भाईयों के द्वारा गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले ग्राम समिति के सदस्यों एवं किसान भाइयों ने भगवान बलराम जी एवं गौ माता की आरती दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। भारतीय किसान संघ जिला अशोकनगर कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी एवं सभी किसान भाईयों के द्वारा गौ माता को तिलक लगाकर पुष्प अर्पित कर गौ माता की आरती की गौ माता को गौ ग्रास के रूप में गुड़ सरसों के तेल से तैयार हरीला एवं पुड़ियों का सेवन कराया गया। सभी लोगों ने गऊ माता की पूजा के बाद परिक्रमा कर चरण स्पर्श कर अपनी अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद लिया। इस शुभ अवसर पर ग्राम के बुजुर्ग गौपालक किसान बालमुकुंद साहू का सम्मान ग्राम मन्दिर के पुजारी रवि शर्मा ने साफा बांधकर किया। बुजुर्ग गौपालक किसान नन्नूलाल प्रजापति ,का सम्मान पूर्व सरपंच महेश सेन एवं कन्हैयालाल ठेकेदार, नरेंद्र कुमार कोटिया को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गोपाष्टमी एवं गौ माता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि भारतीय किसान संघ वर्ष में चार त्यौहारों को मनाता है जैसे स्थापना दिवस, बलराम जंयती, भारत माता पूजन और गौ माता पूजन इनमें गौ माता पूजन का विषेश महत्त्व है। इस अवसर पर सभी किसान भाईयों ने गऊ माता को सड़क पर खुला न छोड़ने और गऊ माता की रक्षा करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ ग्राम समिति धुर्रा के सदस्य हरिराम, देवेन्द्र सेन, रामबाबू साहू, परमाल साहू, सीताराम परिहार, अंनन्त सिंह जाटव, रंजीत कुशवाह आदि मौजूद थे।

### बास्केटबॉल खिलाड़ी होंगे लाभान्वित

## बास्केटबॉल ग्राउंड का शुभारंभ समारोह कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका अशोकनगर द्वारा संजय स्टेडियम परिसर में निर्मित अत्याधुनिक बास्केटबॉल ग्राउंड को बुधवार को जिला बास्केटबॉल संघ को समर्पित किया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व इस ग्राउंड का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया गया था।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, जिला कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा तथा पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर ग्राउंड को खोल कर जिला बास्केट बॉल को समर्पित किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, नपा सीएमओ विनोद उन्नीथन, जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, पार्षदगण महेंद्र भारद्वाज,डॉ जयमंडल यादव, राशिद खान, गीता आर्य, विपिन शिवहरे, गोपाल ओझा, धर्मेंद्र रघुवंशी, सतपाल लोधी, मनीष धुरेंटे, गणमान्य नागरिक गण प्रमोद जैन, रंजीत यादव, शीला जाटव, रविन्द्र लोधी, सनत शर्मा, प्रमोद जैन सहित बड़ी संख्या में बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।



जिला कलेक्टर आदित्य सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने भी छात्र जीवन में खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए रखा और आज भी खेलों से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने कहा कि नगर पालिका द्वारा खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके।

पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने स्टेडियम में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह ग्राउंड खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा।